शुक्रवार
20 जून 2025
● देहरादून
● वर्ष 33
● अंक 137
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

33 साल से देहरादून का विश्वास

दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# दिव्यांग बच्चों को दया नहीं सहयोग की आवश्यकता: राष्ट्रपति

हमारे संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हैं। उत्तराखण्ड दौरे के दूसरे दिन आज राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू को प्रधानमंत्री व उप राष्ट्रपति द्वारा उन्हे जन्मदिन की शुभकामनाये दी गयी। वहीं राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति उद्यान का शिलान्यास कर एनआईईपीवीडी के

### ❑राष्ट्रपति के जन्मदिन पर पीएम व उपराष्ट्रपति ने दी शुभकामनाएं

छात्रों के साथ अपनी जन्मदिन मनाया गया।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आज राष्ट्रपति उद्यान का शिलान्यास किया। राष्ट्रपति उद्यान में राष्ट्रपति निकेतन, राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति उद्यान की जैव विविधता पर पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

### ❑राष्ट्रपति उद्यान का किया शिलान्यास




इससे पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में सभी का धन्यवाद करते हुए एनआईईपीवीडी छात्रों को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति ने बताया कि ये पहला मौका नहीं है जब वह अपना जन्मदिन दिव्यांगजनों के साथ मना रही हैं।

इससे पहले 2023 में भी उन्होंने इसी तरह अपना जन्मदिन मनाया था। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और इस बात पर जोर दिया कि इन बच्चों को दया की नहीं, सहयोग की आवश्यकता है। इनकी प्रतिभा को प्रकाशित करने में सभी को सहयोग देना है। ये केवल सरकार का नहीं बल्कि सभी लोगों का दायित्व है कि वो दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और उनको सहयोग दें।

राष्ट्रपति ने इस दौरान कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 दिव्यांग छात्रों के लिए समान अधिकार और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम में राज्यपाल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# दीवार गिरने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। मकान की दीवार ढहने से देर रात एक ही परिवार के चार लोगो की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर राजस्व, पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और चारों को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।

हादसा उत्तरकाशी जनपद के राजस्व ग्राम ओडाटा के मोरा तोक स्थित गुजर बस्ती का है। जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 2 बजे गुलाम हुसैन के आवासीय मकान की दीवार अचानक ढह गई। हादसे के समय गुलाम हुसैन अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। हादसे में घर के चार सदस्य मलबे के नीचे दब गए। प्रभावितों में गुलाम हुसैन पुत्र अली अहमद (26 वर्ष), उनकी पत्नी रुकमा खातून (23 वर्ष), पुत्र



आबिद (3 वर्ष), और 10 माह की पुत्री सलमा शामिल थीं। इस दुर्घटना में 10 माह की मासूम सलमा की मौके पर ही मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अन्य तीनों को स्थानीय लोगों व रेस्क्यू टीम की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

घायल सदस्यों को प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सको ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। प्रशासन ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मकान की दीवार कमजोर थी और लगातार हो रही बारिश से उसकी स्थिति और जर्जर हो गई थी। यह हादसा एक बार फिर पर्वतीय क्षेत्रों में जर्जर मकानों की स्थिति और प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशीलता की याद दिलाता है। प्रशासन द्वारा घटना की जांच की जा रही है। तहसीलदार जब्बर सिंह असवाल ने घटना की पुष्टि की और बताया कि राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था। लेकिन दुर्भाग्यवश चारों सदस्यों को बचाया नहीं जा सका।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# अब तक क्यों नहीं बनी एसओपी?

उत्तराखंड सरकार राज्य में हेली सेवा संचालन के लिए एसओपी बनाएगी? अच्छी बात है एक दशक बाद ही सही सरकार को यह बात याद तो आ गई कि हेली सेवा संचालन के लिए नियम और कानून बनाए जाने की जरूरत है। सवाल यह है कि सरकार द्वारा जब केदार धाम के पुनर्निर्माण का प्लान तैयार किया गया था तभी हेली सेवाओं के संचालन के लिए एसओपी बनाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी लेकिन न तो केदारनाथ पुनर्निर्माण के काम में इसे शामिल किया गया और न बद्रीनाथ धाम के मास्टर प्लान में इसे तवज्जो दी गई। अब जब हर साल हेली दुर्घटनाओं का तांता लग चुका है तो सरकार की नींद टूटी है काश इस मुद्दे पर पहले ही सोच लिया जाता तो इन दुर्घटनाओं में इतने जान माल का जो नुकसान हुआ है उससे बचा जा सकता था। बीते कल उड्डयन सचिव कुर्वे की तरफ से सचिव गृह शैलेश बगौली द्वारा यह जानकारी दी गई कि उनकी अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है जिसमें डीजी, सीए मौसम विभाग, यूकाडा, हवाई यातायात प्रबंधन व आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। समिति दुर्घटनाओं का विश्लेषण करेगी रोकने के उपाय सुझाएगी यूकाडा के प्रशासनिक अमले में तथा संसाधनों में सुधार पर अपने विचार रखेगी। मौसम और दूरसंचार विभाग से जुड़ी जानकारी का कैसे लाभ उठाया जा सकता है तथा हवाई यातायात को कैसे और अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है इस पर अपनी राय रखेगी। जिसके आधार पर सरकार हेली सेवा के लिए नई गाइडलाइन तैयार करेगी। इन चार धामों की हवाई दुर्घटनाओं के इतिहास पर नजर डाले तो अब तक जून 2013 से लेकर कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है एमआई-17 हेलीकॉप्टर क्रैश में 20 अधिकारी, जवानों की मौत से लेकर बीते दो दिन पूर्व गौरीकुंड में 7 यात्रियों की मौत तक तमाम हादसों में अनेक लोगों की जाने जा चुकी है। लगातार हो रहे हेली दुर्घटनाओं के कारण राज्य की छवि इस कदर खराब हो रही है कि लोग अब हेली सेवा के इस्तेमाल से डरने लगे हैं। लोग यह सोचने पर विवश है कि कहीं उनकी यह यात्रा अंतिम यात्रा तो नहीं हो जाएगी। अगर अपनी सुरक्षा को लेकर यात्री इस कदर भयभीत है तो ऐसी यात्रा पर भला कौन आना चाहेगा। उत्तराखंड की हेली सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों के साथ दलालों और साइबर अपराधियों की ठगी के मामले भी इन यात्रियों के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बन रहे हैं। इसके अलावा हेली कंपनियों द्वारा सिर्फ अपनी कमाई के लिए काम की नियत और यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान न रखा जाना भी बड़ी समस्या है। एक तो हेलीकॉप्टर खटारा ऊपर से उसमें ओवरलोडिंग, यात्रियों की जान पर भारी पड़ती रही है। अभी जिस हेलीकॉप्टर क्रैश की घटना में सात लोगों की जान चली गई उसकी सीटिंग कैपेसिटी 6 लोगों की थी तथा हेली सेवाओं का संचालन समय सूची के अनुसार न करने की बात भी सामने आई थी। देखना है कि यह नई एसओपी कब तक बन पाती है और इसका कितना लाभ यात्रियों को हो पाता है।

# पुलिस लाइन चंबा परिसर में हुआ सामूहिक योगाभ्यास



सवाददाता

टिहरी। एसएसपी आयुष अग्रवाल ने पुलिस लाइन परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया।

आज यहां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस लाइन चंबा में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसएसपीआयुष अग्रवाल ने कहा कि योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु यह मानसिक एकाग्रता और आत्म संयम का भी आधार है। योग शिविर में एडिशनल एसपी जे आर जोशी, क्षेत्राधिकारी नई टिहरी श्रीमती ओशिन जोशी, सीएफओ संजीव कुमार, पुलिस लाइन, पुलिस ऑफिस के कार्मिक व उनके परिवार जन ने भी प्रतिभाग किया।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने नारी निकेतन में संवासनियों व बच्चों के साथ किया योग

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। आज उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने देहरादून के केदारपुरम स्थित महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र में महिलाओं एवं बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल के साथ नारी निकेतन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी योग किया। इस दौरान कुसुम कण्डवाल ने सभी को योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। योगाभ्यास सप्ताह शिविर में नारी निकेतन, सम्प्रेक्षण गृह व बालिका निकेतन के सभी बच्चों व महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

आपको बता दे कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पर प्रदेश में अनेक स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। जिसके लिए विभिन विभागों में साप्ताहिक योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि योग हमारी आंतरिक शक्तियों को एकत्रित कर के हमारे अंदर नवीन ऊर्जा का संचार करता है। योग ही हमारे चंचल मन को एकाग्र कर चेतना की गहराइयों तक पहुँचाने का माध्यम है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयास से आज सम्पूर्ण विश्व भारतीय संस्कृति और योग परंपरा को अपना रहा है। आज योग विश्व के अनेकों लोगों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है। वहीं उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा युवाओं में योग की ओर कदम बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। योग से रोजगार के अवसर बढ़ाये हैं। साथ ही उनके नेतृत्व में उत्तराखण्ड को योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी बनाने के लिए नई योग नीति तैयार करना अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है।

इस दौरान नारी निकेतन की सहायक अधीक्षिका पूजा खत्री, शिशु निकेतन की अधीक्षिका मधु नवानी, सुपरवाइजर आर्ची नौटियाल सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे तथा इस अवसर पर योगाचार्य दीक्षा विधोला ने योग कराया।

# पुलिस लाइन पौड़ी में ली गयी मासिक अपराध गोष्ठी

हमारे संवाददाता




पौड़ी। पुलिस लाइन पौड़ी में आज माह मई की मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों/कोतवाली/थाना प्रभारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी, लोकेश्वर सिंह द्वारा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

उन्होने जनपद में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण होने वाली आपदा के दृष्टिगत समस्त थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड पर रहकर आपदा उपकरणों को 24 घण्टे क्रियाशील अवस्था में रखते हुये आपदा के दौरान त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने तथा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील स्थानों/ नेशनल हाईवे पर नियमित रूप से सतर्क दृष्टि बनाये रखने साथ-साथ भूस्खलन होने पर आमजन को भी सतर्क करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही किसी भी आपदा की सूचना पर तुरंत दें रिस्पॉन्स दे व समय- समय पर आपदा से सम्बन्धित मॉकड्रिल का आयोजन कर सभी कार्मिक आवश्यक रुप से प्रतिभाग करें। और आपदा से सम्बन्धित उपकरणों को भी दैनिक रुप से चैक करते रहें व जो सामग्री उपलब्ध नही है उसे तुरन्त खरीदना सुनिश्चित करें।

थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्रान्तर्गत वर्ष-2025 जुलाई माह से शुरू होने वाले श्रावण मास कांवड मेले के दृष्टिगत सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी मेले को सफल रुप से संचालित करने हेतु अभी से तैयारियां शुरु कर दे एवं साथ ही कांवड मेले के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु ट्रेफिंक प्लान तैयार कर जो भी कमियां पायी जाती है उन्हें दुरुस्त किया जाय।

'ऑपरेशन लगाम' व 'ड्रंक एण्ड ड्राइव' अभियान के तहत जनपद में सभी थानों द्वारा अच्छी कार्यवाही की गई है इस अभियान को और प्रभावी रूप से चलाने के हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वालों, रेट्रो/मोडिफाईड साईलेंसर का प्रयोग करने वालों व धार्मिक/ पर्यटक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध लगातार चैकिंग अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही जारी रखें। उन्होने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के अलावा सभी शिकायतकर्ताओं से सभी थाना प्रभारी स्वयं बात करें व शिकायतकर्ताओं से शिकायतों के सम्बन्ध में फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। जुलाई माह में सम्भावित पंचायत चुनाव के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पडने वाले संवेदनशील व अतिसंवेदनशील पोलिंग बूथों का भ्रमण कर अभी से ही तैयारियों को लेकर सभी सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर पूर्ण तैयारी करना सुनिश्चित करें। सभी थानों में नियुक्त विवेचक विवेचनाओं का गुण दोषों के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें व थानों में लम्बित विवेचनाओं में भी आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही शीघ्र अभियोगों का सफल निस्तारण करें।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर राहगीर घायल

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर राहगीर के घायल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंज विहार निवासी दिनेश रयाल पैदल कारगी चौक की तरफ जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने उनको अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल के पुत्र विश्वास रयाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 'तरंग-2025' का आयोजन 22 जून को



संवाददाता

देहरादून। अनंत गोपाल संगीत मंच समिति के मीडिया प्रभारी अरूण कुमार शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा 22 जून को तरंग-2025 का आयोजन किया जा रहा है। आज यहां परेड ग्राउंड स्थित एक क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अरूण कुमार शर्मा ने बताया कि शास्त्रीय संगीत व नृत्य को समर्पित संस्था अनंत गोपाल संगीत मंच समिति व गुरूकल द्वारा तरंग 2025 के माध्यम से अनंत गोपाल संगीत मंदिर का स्वर्ण जयंती समारोह 22 जून को देहरादून में आयोजित किया जाना है। उन्होंने बताया कि समारोह भारतीय संस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और सवर्धन के 50 गौरवशाली वर्षो की यात्रा का प्रतीक होगा। शर्मा ने बताया कि सन् 1975 में श्रीमती चंद्रकांता भटनागर ने अनंत गोपाल संगीत मंदिर की नींव रखी थी। क्योंकि संगीत उनके लिए पूजा का ही पर्यायवाची था इसलिए नाम के आगे मंदिर प्रत्यय को जोडा गया। उन्होंने बताया कि विषम परिस्थितियों में भी ऊर्जावान और संघर्षशील रहना उनका स्वभाव था। यही ऊर्जा वो अपने आसपास की हर नारी और बच्चों में देखती जिन्हें देने के लिए उनके पास संगीत, संस्कार और अनंत प्रेम था। उन्होंने बताया कि जीवन के अनेक उतार चढाव के मध्य संगीत के प्रति निष्ठा अनुशासन और लगन रखने वाली चन्द्रकांता का सन् 2005 में निधन हुआ। जीवन के अंतिम पलों में भी उनका संगीत और संगीत शिक्षण उनका उद्देश्य बना रहा। उन्होंने बताया कि 2005 में अपनी संगीत की विरासत अपनी पौत्री प्रतिभा श्रीवास्तव को सौंप उन्होंने जीवन से विदा ली। श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव ने उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर उनकी इस धरोहर को सम्भाला। उन्होंने बताया कि गत वर्षो से संगीत के छात्रों की प्रतिभा को जन जन तक पहुंचाने के लिए वार्षिक तरंग कार्यक्रम आरम्भ किया गया। 22 जून को श्री गुरूराम राय मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम पटेलनगर में सांय 5 बजे से संस्था का संगीतमय कार्यक्रम तरंग-2025 आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि तरंग 2025 गोपाल संगीत मं के 50 सालों के गौरवशाली वर्षो के कुछ अनमोल मोतियों की एक माला है इसमें संस्था के सौ से अधिक छात्रों की संतवाणी, नाद ब्रहमा, ताल, तंत्र, सुर सृजन, आदियोगी आदि संगीतमय प्रस्तुतियां होगी।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने सत्यनारायण मंदिर के पास एक कार सवार दो लोगों को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से 36 बोतल शराब की बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम चन्द्रवीर पुत्र कुंवर सिह निवासी छिददरवाला, विजय कुमार पुत्र गोकुल निवासी श्यामपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

उत्तरकाशी। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी सरिता डोबाल के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस नशा तस्करों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस उपाधीक्षक बडकोट देवेन्द्र सिंह नेगी के निकट पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष पुरोला मोहन कठैत के नेतृत्व में पुरोला पुलिस की टीम द्वारा सायं को चैकिंग के दौरान नौगांव-विकासनगर मार्ग पर बिल्ला के पास से दीपक जगूणी पुत्र दुर्गा प्रसाद जगूड़ी निवासी पॉलगांव बडकोट उत्तरकाशी, सोहन शाह पुत्र इन्दर सिंह निवासी कण्डारी बडकोट उत्तरकाशी नाम के दो व्यक्तियों को स्कूटी से स्मैक की तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 4.21 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) बरामद की गयी है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर दोनो के विरुद्ध थाना पुरोला पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। स्मैक को देहरादून क्षेत्र से लेकर आये हैं, वह नशे का खुद सेवन तथा बेचते भी है। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# पंचायतों द्वारा स्वतः रेवेन्यू जनरेट हेतु बनेगी नियमावलीः मुख्य सचिव

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने पंचायत को अपने रेवेन्यू सोर्स जनरेट करने के लिए तीन माह के भीतर नियमावली बनाने के निर्देश दिए।



मुख्य सचिव ने पंचायतीराज विभाग को राज्य वित्त आयोग के दिशा - निर्देशों की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पंचायत को अपने रेवेन्यू सोर्स जनरेट करने के लिए तीन माह के भीतर नियमावली बनाने के निर्देश दिए। नागरिकों को ग्राम पंचायत स्तर पर सभी महत्वपूर्ण सेवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी देने के लिए ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करने तथा इसके लिए तत्काल पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित योजना और कार्यक्रमों के इंप्लीमेंटेशन का स्तर इंप्रूव करने के निर्देश दिए; ताकि कुपोषण, अल्प पोषण, वेस्टिंग, कम वजनी इत्यादि बाल विकास के अवरोधों में कमी लाई जा सके तथा इससे संबंधित इंडिकेटर के सूचकांक को भी बेहतर किया जा सके। फूड सेफ्टी विभाग ने अवगत कराया कि विभाग में सैंपलिंग और एनफोर्समेंट से संबंधित कार्मिकों की शॉर्टेज है। जिस पर मुख्य सचिव ने विभाग को संबंधित भर्ती बोर्ड को संबंधित पदों की भर्ती का अधियाचन प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही शीघ्रता से पदोन्नति की प्रक्रिया भी पूरा करने के कहा। इस संबंध में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सचिव और संबंधित जिलाधिकारी सैंपलिंग और इससे संबंधित लंबित मामलों के निस्तारण के लिए प्रत्येक माह इसकी समीक्षा बैठक आयोजित कर पेंडिंग कार्यों को शीघ्रता से निपटाएं। मुख्य सचिव ने बच्चों और महिलाओं से संबंधित अपराध ों में कमी लाने के लिए पोक्सो एक्ट तथा रेप के मामलों में तेजी से इन्वेस्टिगेशन पूरा करने तथा फास्ट ट्रैक कोर्ट में लंबित मामलों का भी तेजी से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हेड क्वार्टर तथा जनपद दोनों स्तर पर इन मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अर्बन मास्टर प्लान से संबंधित मुद्दों की समीक्षा करते हुए सभी टाउन्स में लैंड अवेलेबिलिटी की आख्या प्रस्तुत करने तथा अर्बन एरिया में अफॉर्डेबल आवास देने की सभी स्कीम का लाभार्थियों की अलग-अलग श्रेणी के अनुसार विवरण देने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में सचिव चंद्रेश कुमार व विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे, श्रीमती सोनिका, विनीत कुमार, हिमांशु खुराना, अपूर्वा पांडेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# फायर की टीम ने एन.सी.सी कैडिटों को दिया अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण

संवाददाता

उत्तरकाशी। फायर सर्विस की टीम ने एनसीसी कैडिटों को अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण दिया गया।

आज यहां अग्नि सुरक्षा के प्रति जनजागरुकता बढाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी के निर्देशन में फायर सर्विस उत्तरकाशी की टीम द्वारा 18 जून 2025 को हिटाणु, डुण्डा मे तीसरे बीएन एनसीसी के वार्षिक शिविर के द्वितीय शिविर में एनसीसी कैडेट को अग्नि सुरक्षा एवं बचाव से संबंधित प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर कैडिटों के अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में फायर सर्विस उत्तरकाशी की टीम के द्वारा कैडेटों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर) के संचालन की विस्तृत रूप से जानकारी देने के साथ-साथ आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न प्रकार की अग्नि दुर्घटनाओं की जानकारी देते हुये आग से होने वाली दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाये और उस समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिये के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण हिदायतें तथा डेमोंसट्रेशन देकर घरेलू एलपीजी सिलेंडर,पेट्रोल,डीजल, तेल व जंगल की आग बुझाने गुर सिखाये गए।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान कर्नल मयंक धस्माना, कमान अधिकारी, ले.कर्नल एलबी मल्ल, सूबेदार राज सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# उक्रांद कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंप लाईनमैन की मौत की जांच की मांग की।



आज उतराखंड क्रांति दल ने पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपा, बिष्ट ने कहा कि पौड़ी जिले के रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत वड्डाखाल में बिजली के लाइन में कार्य करते समय लाइनमैन अनिल नेगी की करेंट लगने से मौत हो गयी। नैनीडांडा के खुटीड़ा निवासी अनिल नेगी पुत्र रंजीत सिंह विद्युत वितरण खंड नैनीडांडा के विद्युत सब स्टेशन रिखणीखाल में संविदा पर लाइनमैन था। मंगलवार देर शाम वड्डाखाल क्षेत्र में विद्युत लाइन में खराबी आने पर शट डाउन लेने के बाद खंभे पर चढ़ा, लाइन ठीक करते समय करेंट लगने से अनिल नेगी की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि शव तीन घण्टे तक तारो पर ही लटका रहा, यह घटना ऊर्जा निगम की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करती है। इससे पूर्व 2024 में पिथौरागढ में शटडाउन के दौरान तार पर कार्य कर रहे लाइन मैन की भी करेंट लगने से मौत हुई थी, तथा चमोली के दशोली ब्लॉक में भी इसी प्रकार की घटना से लाइन मैन की मौत हुई थी, यह विभाग पर प्रश्न चिन्ह खड़े करता है की जब शट डाउन लिया गया तो उसके बाद भी करेंट कैसे लगा, साथ ही उतराखंड के जितने भी लाइन मैन हैं उनको क्या क्या सुरक्षा किट दी जाती है इसकी जाँच हो, ऐसे घटनाए की पुनरावृत्ति ना हो इसलिए उक्रांद माँग करता है कि नैनीडांडा के विद्युत सब स्टेशन के जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित किया जाए, मृतक को तत्काल एक करोड़ रुपये मुआवजा राशि ऊर्जा निगम द्वारा दी जाए। उक्रांद ने इसे हत्या बताकर जिम्मेदार अधिकारियों तथा ठेकेदार शिवांश एलेक्ट्रिकल के खिलाफ आई जी गढ़वाल कार्यालय में एफआईआर दर्ज की, उन्होंने कहा की घटना की सीघ्र जाँच हो, मृतक के आश्रितों के परिवार से एक व्यक्ति को उनके स्थान पर तत्काल नौकरी दी जाए। पूर्व महानगर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ परवीन चंद रमोला ने कहा कि प्रदेश में लाइन मैन को दी जाने वाली सुरक्षा किट की गुणवत्ता की जाँच की जाए। ऊर्जा विभाग के निदेशक परिचालन मदन राम आर्य ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारी शुभम कुमार को निलम्बित किया गया है साथ ही जाँच बिठाई गयी है, इस अवसर पर केंद्रीय महामंत्री किरन रावत, बृजमोहन सजवाण, राजेश्वरी रावत, मनीष रावत, यशपाल नेगी, निशीत मनराल, आदि रहे।



# गर्मियों में घूमने जा रहे हैं? अपने ट्रेवल बैग में जरूर रखें ये 5 पोशाकें

गर्मी का मौसम घूमने के लिए सबसे अच्छा नहीं माना जाता है क्योंकि इस दौरान उमस काफी बढ़ जाती है, जिससे कई बार परेशानी हो सकती है।

हालांकि, अगर आप इस मौसम में घूमने का प्लान बनाते हैं तो आपको अपने कपड़ों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए।

आइए आज हम आपको पांच ऐसी पोशाकों के बारे में बताते हैं, जो गर्मियों में आरामदायक और स्टाइलिश दिखने में मदद कर सकते हैं।

सूती कुर्ती

गर्मियों के लिए सूती कुर्ती एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आरामदायक है, बल्कि आपको ठंडक भी देती है।

आप इसे जींस या पलाजो के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा आप चाहें तो इसे साड़ी के साथ भी पहन सकती हैं।

सूती कुर्ती की खासियत यह है कि यह हल्की होती है और पसीना सोखती है, जिससे आपकी त्वचा को हवा लगती रहती है और आप तरोताजा महसूस करती हैं।

लिनेन शर्ट

लिनेन शर्ट भी गर्मियों के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यह हल्की और सांस लेने वाली होती है, जो आपको गर्मी से राहत देती है।

लिनेन शर्ट को आप शॉर्ट्स या जींस के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा आप इसे स्कर्ट के साथ भी पहन सकती हैं।

लिनेन शर्ट की खासियत यह है कि यह आपको ठंडक देती है और पसीना सोखती है, जिससे आपकी त्वचा को हवा लगती रहती है।

सूती मैक्सी ड्रेस

गर्मियों के लिए सूती मैक्सी ड्रेस भी एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आरामदायक है, बल्कि आपको स्टाइलिश लुक भी देती है।

सूती मैक्सी ड्रेस को आप किसी भी मौके पर पहन सकती हैं, चाहे वह पार्टी हो या पिकनिक।

इसके अलावा आप इसे अकेले या किसी एक्सेसरी के साथ पहन सकती हैं। सूती मैक्सी ड्रेस की खासियत यह है कि यह हल्की होती है और पसीना सोखती है, जिससे आपकी त्वचा को हवा लगती रहती है।

शॉर्ट्स और टी-शर्ट

अगर आप आरामदायक कपड़े पहनना पसंद करती हैं तो शॉर्ट्स और टी-शर्ट आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है।

यह न केवल आरामदायक है, बल्कि आपको स्टाइलिश लुक भी देता है। शॉर्ट्स और टी-शर्ट को आप किसी भी मौके पर पहन सकती हैं, चाहे वह पार्टी हो या पिकनिक।

इसके अलावा आप इसे अकेले या किसी एक्सेसरी के साथ पहन सकती हैं।

शॉर्ट्स और टी-शर्ट की खासियत यह है कि यह हल्की होती है और पसीना सोखती है।

फ्लोरल स्कर्ट

फ्लोरल स्कर्ट गर्मियों के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यह न केवल आकर्षक लगती है बल्कि आरामदायक भी होती है।

इसे आप साधारण टी-शर्ट या टॉप के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा आप इसे कोई हल्का टॉप भी पहन सकती हैं।

फ्लोरल स्कर्ट की खासियत यह है कि यह आपको ताजगी का एहसास दिलाती है और मौसम की उमस को सहन करने लायक बनाती है। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# नाश्ते में चुकंदर को शामिल करना चाहते हैं तो इन 5 तरीकों को अपनाएं



चुकंदर एक ऐसी सब्जी है, जो अपने खास स्वाद और रंग के कारण काफी पसंद की जाती है। आमतौर पर इसे सलाद में ही खाया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि चुकंदर को नाश्ते में शामिल करने के कई अच्छे तरीके हैं? यह न केवल आपके नाश्ते को सेहतमंद बनाता है, बल्कि इसे और भी स्वादिष्ट भी बना सकता है।

आइए चुकंदर को नाश्ते में शामिल करने के तरीके जानते हैं।

चुकंदर का पराठा बनाएं

चुकंदर का परांठा एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

इसे बनाने के लिए गेहूं के आटे में कदूकस किया हुआ चुकंदर, नमक, लाल मिर्च पाउडर और थोड़ा-सा अजवाइन मिलाकर गूंथ लें। अब इस मिश्रण से पराठे बनाएं और इन्हें घी या तेल में सेंक लें।

यह न केवल स्वादिष्ट है बल्कि इसमें मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स आपके शरीर को ताकत देते हैं। इसे दही या अचार के साथ परोसें और इसका आनंद लें।

चुकंदर का उपमा बनाएं

उपमा एक पारंपरिक दक्षिण भारतीय व्यंजन है, जिसे सूजी से बनाया जाता है, लेकिन क्या आपने कभी चुकंदर का उपमा आजमाया है?

इसके लिए सूजी को भून लें और उसमें कदूकस किया हुआ चुकंदर, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें। अब इसमें पानी डालकर पकने दें। यह नाश्ते के लिए एक पौष्टिक और स्वादिष्ट विकल्प हो सकता है।

इसे नारियल की चटनी के साथ परोसें और इसका आनंद लें।

चुकंदर की चीला बनाएं

चीला एक लोकप्रिय उत्तर भारतीय नाश्ता है, जिसे बेसन से बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए बेसन में कदूकस किया हुआ चुकंदर, बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट मिलाकर घोल तैयार करें।

अब इस घोल को तवे पर फैलाकर सेंकें। यह न केवल स्वादिष्ट है बल्कि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइबर आपके शरीर को ऊर्जा देते हैं।

इसे हरी चटनी या टोमैटो सॉस के साथ परोसें और इसका आनंद लें।

चुकंदर का सूप बनाएं

सूप सेहत के लिए अच्छे होते हैं और इन्हें कई प्रकार से बनाया जा सकता है। इसके लिए उबले हुए चुकंदर को मैश करके उसमें पानी डालें और उसे उबाल लें।

अब इसमें नमक, काली मिर्च और थोड़ी सी क्रीम मिलाकर इसे परोसें। यह नाश्ते के लिए एक पौष्टिक और स्वादिष्ट विकल्प हो सकता है। इसे गर्मागर्म परोसें और इसका आनंद लें।

यह सूप न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स शरीर को ताकत देते हैं।

चुकंदर का जूस बनाएं

जूस सेहत के लिए अच्छे होते हैं और इन्हें कई प्रकार से बनाया जा सकता है।

इसके लिए ताजे टमाटर, गाजर, खीरा आदि सब्जियों के साथ-साथ उबले हुए चुकंदर को जूसर में डालें और जब जूस निकल जाए तो इसमें नींबू रस मिलाएं और ठंडा करके परोसें।

यह नाश्ते के लिए एक पौष्टिक और स्वादिष्ट विकल्प हो सकता है। इस तरह आप अपने रोजमर्रा के नाश्ते में कुछ नया आजमाकर दिन की शुरुआत ताजगी से कर सकते हैं।






## शब्द सामर्थ्य -75

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# रवि तेजा ने किशोर तिरुमाला से मिलाया हाथ

मास महाराजा रवि तेजा, जो अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस, सहज अभिनय और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं, पारिवारिक मनोरंजन के मास्टर, निर्देशक किशोर तिरुमाला के साथ मिलकर आरटी76 नामक एक रोमांचक नई परियोजना के लिए काम करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का निर्माण सफल निर्माता सुधाकर चेरुकुरी द्वारा प्रतिष्ठित एसएलवी सिनेमा बैनर के तहत किया जाएगा, जो उच्च मनोरंजन मूल्य के साथ गुणवत्तापूर्ण सिनेमा देने के लिए जाना जाता है।

इस अद्भुत संयोजन वाली फिल्म का आज मुहूर्त समारोह के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। निर्देशक किशोर तिरुमाला ने रवि तेजा की कॉमेडी की खास शैली से सजी एक पूरी तरह से पारिवारिक विषय पर आधारित फिल्म लिखी है। यह फिल्म अभिनेता को उनके सर्वश्रेष्ठ रूप में दिखाने का वादा करती है, जिसमें हंसी और भावनाएं समान रूप से दिखाई देंगी। प्रशंसक पुरानी रवि तेजा ऊर्जा की उम्मीद कर सकते हैं, जो एक ऐसी कहानी में समाहित है जो सभी आयु वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगी।

घोषणा पोस्टर में रवि तेजा को बेहद स्टाइलिश अवतार में दिखाया गया है, उन्होंने चेकर्ड डिज़ाइनर सूट पहना हुआ है। विमान की सीट पर आराम से बैठे हुए, वह आकर्षक लग रहे हैं, उनका एक पैर आराम से आगे की सीट पर टिका हुआ है, एक हाथ में वाइन की बोतल है और दूसरे हाथ में किताब है। यह रवि तेजा का अब तक का सबसे परिष्कृत रूप है। उनके हाथ में जो किताब है, उस पर स्पेनिश में लिखा है, इसे देखें और कहें, जो उनके किरदार के एक दिलचस्प नए पहलू की ओर इशारा करता है।

फिल्म में अनुभवी तकनीशियन होंगे जो अलग-अलग शिल्प का ध्यान रखेंगे। ब्लॉकबस्टर धमाका के लिए चार्टबस्टर एल्बम देने के बाद, भीम्स सेसिरोलेओ इस नई फिल्म के लिए रवि तेजा के साथ फिर से काम करेंगे, जबकि प्रसाद मुरेला कैमरा संभालेंगे। पुरस्कार विजेता संपादक श्रीकर प्रसाद और प्रतिभाशाली प्रोडक्शन डिजाइनर एएस प्रकाश फिल्म के लिए काम करेंगे। फिल्म को 2026 की संक्रांति पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

# फिल्म आंखों गुस्ताखियां की रिलीज डेट आउट

विक्रांत मैसी और शनाया कपूर सिल्वर स्क्रीन पर एक साथ नजर आएंगे। इनकी फिल्म का नाम है आंखों की गुस्ताखियां। यह शनाया की डेब्यू फिल्म है। इस फिल्म की रिलीज डेट से परदा हट गया है। विक्रांत और शनाया की आंखों की गुस्ताखियां दर्शक इसी साल परदे पर देख पाएंगे।

शनाया कपूर चर्चित स्टारकिड हैं। वे संजय कपूर की बेटी हैं और अनिल कपूर की भतीजी हैं। बेशक शनाया ने अभी रुपहले पर्दे पर दस्तक नहीं दी है, लेकिन वे लाइमलाइट में खूब रहती हैं। उनकी डेब्यू फिल्म का दर्शक इंतजार कर रहे हैं, जिसकी रिलीज डेट का भी जी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर फैंस को अपडेट दिया है।

फिल्म आंखों की गुस्ताखियां मॉनसून में रिलीज होगी और तारीख है 11 जुलाई 2025। जी स्टूडियोज ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, इस मॉनसून सिर्फ फिसलिए मत, बल्कि प्यार को भी महसूस करिए। फिल्म आंखों की गुस्ताखियां के साथ। आपके नजदीकी सिनेमाघरों में आ रही है 11 जुलाई 2025 को।

# पवन कल्याण की नई फिल्म उस्ताद भगत सिंह का पोस्टर रिलीज

साउथ के दिग्गज अभिनेता पवन कल्याण की मच अवेटेड फिल्म उस्ताद भगत सिंह' का पोस्टर अब मेकर्स की तरफ से जारी कर दिया गया है। लंबे समय से फैंस इस फिल्म पर अपडेट का इंतजार कर रहे थे और अब मैत्री मूवी मेकर्स की तरफ से इसका नया पोस्टर जारी किया गया है।

पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भगत सिंह को लेकर खबर आ रही थी कि यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है। हालांकि कुछ समय पहले प्रोड्यूसर्स ने साफ किया था कि फिल्म पर जल्द ही कोई अपडेट शेयर किया जाएगा। अब फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए पोस्टर जारी कर दिया गया है। पोस्टर में पवन कल्याण का चेहरा तो नजर नहीं आ रहा है लेकिन उनके गले में हनुमान जी को जरूर दिखाया गया है।

इस पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा है, तैयार हो जाइए पावरस्टार की बेहतरीन फिल्म के लिए। यह फिल्म सालों तक याद रखी जाएगी। इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। हैप्पी हनुमान जयंती और अपडेट्स के लिए जुड़े रहें।' हालांकि अभी फिल्म की रिलीड डेट को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है।

फिल्म को हरीश शकंर द्वारा डायरेक्ट किया जा रहा है। एक्टर पवन कल्याण के अलावा एक्ट्रेस श्रीलीला भी नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म को मैत्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूसर किया जा रहा है।

# डीप नेक हाई स्लिट ड्रेस में वाणी कपूर का बोल्ड अंदाज़



बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर एक बार फिर अपने ग्लैमरस और बोल्ड लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी एक बेहद हॉट तस्वीर शेयर की है, जो ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025 इवेंट से ली गई है। वाणी ने इस अवॉर्ड शो में डीप नेक और हाई स्लिट वाली ब्लैक-येलो ड्रेस में गॉर्जियस पोज़ दिए जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इस फोटो में वाणी का स्टाइल और कॉन्फिडेंस देखते ही बनता है। खुले बाल, न्यूड मेकअप और स्टेटमेंट ईयररिंग्स के साथ वाणी ने अपने लुक को मिनिमल लेकिन बेहद अट्रैक्टिव रखा। इस पोस्ट को अब तक हजारों लाइक्स और कमेंट्स मिल चुके हैं। फैंस उनके लुक को फायर और स्टनिंग जैसे कमेंट्स से नवाज रहे हैं।

वाणी कपूर ने पोस्ट के कैप्शन में केवल ज़ी सिने अवार्ड्स को टैग करते हुए ब्लैक और येलो हार्ट इमोजी का इस्तेमाल किया, जो उनके लुक की थीम को भी दर्शाता है। वाणी का ये ग्लैमरस लुक उनके फैशन सेंस की तारीफ करने के लिए काफी है। उनका ये डैयरिंग अवतार यह साबित करता है कि वह सिर्फ एक टैलेंटेड एक्ट्रेस ही नहीं बल्कि फैशन डीवा भी हैं। ज़ी सिने अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर उनका यह स्टाइलिश अंदाज़ हर किसी का ध्यान खींचने में कामयाब रहा। पर्यटन अध्ययन में स्नातक की डिग्री पूरी करने के बादए उन्होंने यशराज फ़िल्म्स की रोमांटिक कॉमेडी फ़िल्म शुद्ध देसी रोमांस से अपने अभिनय की शुरुआत की जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण का फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार मिला।

# दिव्या खोसला की फिल्म सावी ने पूरे किए एक साल



दिव्या खोसला की मुख्य भूमिका वाली फिल्म सावी' को आज रिलीज हुए पूरा एक साल हो गया है। इस मौके पर दिव्या ने फिल्म और उसमें निभाए गए अपने शक्तिशाली किरदार को याद करते हुए खास जज्बात जाहिर किए हैं।

अभिनय देव के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक साधारण गृहिणी की कहानी है, जो अपने पति को झूठे हत्या के आरोपों से बचाने के लिए किसी भी हद तक जाती है। दिव्या ने इस भूमिका को अपने करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और यादगार भूमिकाओं में से एक बताया।

फिल्म की सालगिरह पर दिव्या खोसला ने कहा, सावी मेरे दिल के बेहद करीब है और हमेशा खास रहेगी। ऐसा लग रहा है जैसे कल ही हम हर्षवर्धन राणे, अनिल कपूर और हमारे निर्देशक अभिनय देव के साथ शूट कर रहे थे। यह किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मुझे पता था कि यह रोल मुझे करना है एक ऐसी पत्नी का जो अपने पति को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

आगे दिव्या कहती हैं, मेरे लिए इससे बड़ी मान्यता कोई नहीं हो सकती थी कि मैंने ऐसा किरदार चुना जो दर्शकों से जुड़ गया और फिल्म की व्यावसायिक सफलता में योगदान दिया। मुझे खुशी है कि मैंने यह प्रोजेक्ट किया।

सावी' में दिव्या की परफॉर्मेंस को भावनात्मक दृश्यों, तीखे संवादों और रोमांचक क्लाइमैक्स के लिए खूब सराहा गया। दर्शकों को उनके अभिनय में संवेदनशीलता और ताकत दोनों का अद्भुत संतुलन देखने को मिला, जिसने उन्हें स्क्रीन से बांधे रखा।

यह फिल्म दिव्या के करियर में एक नया अध्याय जोड़ने वाली साबित हुई, जिसमें उन्होंने अपने परंपरागत छवि से हटकर एक बोल्ड और बहुआयामी किरदार निभाया।

सावी' की सफलता के बाद अब दिव्या खोसला निर्देशक प्रेर्णा अरोड़ा के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। हालांकि इस प्रोजेक्ट का नाम और विवरण अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन इस जोड़ी की नई साझेदारी ने पहले से ही फैंस में उत्सुकता बढ़ा दी है। दिव्या के फैंस को अब इस नए प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है, जो उनके करियर को एक और नया मुकाम दिला सकता है।

# तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की डगर पर भारत

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

24 मई को नीति आयोग ने बताया कि जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आगामी 2.5 से 3 सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए भी दिखाई दे सकेगा।

इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को दुनिया के ख्याति प्राप्त अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा कि जापान को पछाड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की एक अविसनीय उपलब्धि है।

वास्तव में भारत के विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढ़ने के पीछे जो प्रमुख कारण हैं, उनमें 14० करोड़ की जनसंख्या, देश के मध्यम वर्ग, की बढ़ती क्रयशक्ति, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक नीतियां शामिल हैं। साथ ही इस समय भारत जिस ऊंची विकास दर और आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है, उससे भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा।

खासतौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। चीन से वष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जहां एमएसएमई देश से निर्यात बढ़ाने में नई भूमिका निभा सकते हैं, वहीं आयात नियंत्रण में भी मददगार हो सकते हैं। इस समय नये व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के लिए चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई के उबारने के लिए जहां एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा।

इस परिप्रेक्ष्य में यह बात महत्त्वपूर्ण है कि सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 225० करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की योजना बना रही है। निसंदेह देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति अहम होगी। भारत के द्वारा विगत 6 मई को ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसम्बर 2०25 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस समय भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के शुरुआती चरण के लिए वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है और 8 जुलाई से भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता लागू हो सकता है।

हाल ही में अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी वार्ता करते हुए द्विपक्षीय कारोबार समझौते को तेजी से अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इस्राइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की भूमिका भी प्रभावी होगी। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगे लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2०24-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387.5 अरब डॉलर का रहा है। भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है।

हाल ही में नैसकॉम और जिनोव की और से जारी इंडिया जीसीसी, लैंडस्केप रिपोर्ट के मुताबिक जीसीसी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा हब बनते हुए दिखाई दे रहा है। फिलहाल देश में 17०० जीसीसी हैं जिनसे 2० लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश में जीसीसी का बाजार आकार 2०3० तक 8.4 लाख करोड़ रुपये का होगा। निसंदेह मई 2०24 में दुनिया की चौथी बड़ी आर्थिकी बने भारत को आगामी ढाई से तीन साल में तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने के मद्देनजर सरकार के द्वारा अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना होगा। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) पर भी ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। भारत में आत्मनिर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे।

जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत की आर्थिकी की चमक बढ़ाई जा सकेगी। इन सबके साथ-साथ इसी वर्ष 2०25 के अंत तक अमेरिका और यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के साथ भारत के संभावित मुक्त व्यापार समझौतों के पूर्ण किए जाने पर पूरा ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से भारत वर्ष 2०28 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

(लेख में विचार निजी है)

## ब्लैक वारंट के दूसरे सीजन का ऐलान

नेटफ्लिक्स इंडिया ने ब्लैक वारंट के दूसरे सीजन का पहला पोस्टर रिलीज़ कर दिया है, जो इसके पहले सीजन की सफलता के बाद दर्शकों में काफीउत्साह पैदा कर रहा है। इस पोस्टर में ज़हान एक सख्त जेलर यूनिफॉर्म में नजर आ रहा है, साथ ही हिंदी टैगलाइन किस्मत मेहनत की गुलाम होती है भी लिखी है, जो सीरीज की जिंदादिली, अनुशासन और नैतिक जटिलताओं को बखूबी बयां करती है।

विक्रमादित्य मोटवाने और सत्यांशु सिंह द्वारा निर्मित यह शो, सुनील गुप्ता के 35 वर्षों के तिहाड़ जेलर के अनुभवों पर आधारित है। गुप्ता की मेमॉयर, जिसे जॉसी जोसेफ के साथ मिलकर लिखा गया है, से प्रेरित यह सीरीज भारत के कुख्यात अपराधियों की ज़िंदगी और जेल में काम करने वालेकर्मचारियों की नैतिक चुनौतियों को असली रूप में पेश करती है।

ज़हान कपूर इस बार भी सुनील गुप्ता के किरदार में वापसी कर रहे हैं, जिनके साथ राहुल भट, परमवीर सिंह चीमा और अनुराग ठाकुर जैसे कलाकार भीहैं।

जनवरी 2०25 में लॉन्च हुए पहले सीजन ने शुरुआत के तीन दिनों में 2.3 मिलियन व्यूअर्स को अपनी ओर आकर्षित किया था, और इसकी तेज़-तर्रारस्क्रिप्ट और रियलिस्टिक एक्टिंग को खूब सराहा गया। अभी दूसरे सीजन की रिलीज़ डेट नहीं आई है, लेकिन यह पहला पोस्टर फैंस के बीच नईउम्मीदें जगाने के लिए काफी है। जल्द ही ब्लैक वारंट का दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर आने वाला है, जो तिहाड़ जेल की और भी गहराई में जाकरजेलर की जज़्बाती और पेशेवर जद्दोजहद को दिखाएगा।

## सू- दोकू क्र.75

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.74का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## एटली की साई-फाई फिल्म में एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण की ऑफिशियल एंट्री!

दीपिका पादुकोण का नाम इन दिनों इंटरनेट पर छाया हुआ है। हाल ही में उनकी संदीप रेड्डी वांगा के साथ हुई कॉन्ट्रोवर्सी ने खूब चर्चा बटोरी। जिसके बाद उनके प्रभास स्टारर स्पिरिट से बाहर होने की खबरें आईं। इतना ही नहीं उनके कल्कि 2 का हिस्सा ना होने की खबरें भी सामने आईं। लेकिन अब फाइनली उनके फैंस के लिए कुछ ऐसा आया है जिसके लिए वे एक्साइटेड और खुश दोनों हो सकते हैं। दीपिका पादुकोण ऑफिशियली एटली की अपकमिंग साई-फाई एए22×ए6 का हिस्सा बनने जा रही है।



एए22×ए6 के की टीम ने आधिकारिक तौर पर दीपिका पादुकोण के फिल्म में शामिल होने की पुष्टि कर दी है। आज प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने एक वीडियो रिलीज किया है जिसमें दीपिका एक खास सूट में एटली के निर्देशन में एक स्टूडियो में शूटिंग करती हुई नजर आ रही हैं। टीम ने इस साई-फाई प्रोजेक्ट के लिए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जिसमें अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। सन पिक्चर्स ने लिखा, रानी विजय के लिए आगे बढ़ी। दीपिका पादुकोण का स्वागत है।

यह वीडियो अप्रैल में अल्लू अर्जुन के लिए रिलीज किए गए वीडियो के जैसा ही है, जब फिल्म की अनाउंसमेंट की गई थी। निर्देशक एटली ने ब्लू-मैट सेट पर सभी एक्टर्स के लुक का टेस्ट किया है। इस नए क्लिप में दीपिका पादुकोण हाथ में तलवार लिए घोड़े पर सवार दिखाई दे रही हैं, जो इस बात का संकेत है कि फिल्म में फंतासी, पीरियड और साइंस-फिक्शन का मिक्सचर होगा।

इस फिल्म में अल्लू अर्जुन डबल रोल में नजर आएंगी और कथित तौर पर तीन से पांच लीड एक्ट्रेस होंगी। आज, टीम ने दीपिका पादुकोण के लुक और प्रोजेक्ट की लीड एक्ट्रेस को इंट्रोड्यूस कर दिया है। आने वाले दिनों में, मृणाल ठाकुर और जाह्नवी कपूर जैसी एक्ट्रेस के लुक की भी ऑफिशियल अनाउंसमेंट होने की उम्मीद है। अल्लू अर्जुन के इस प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट होते ही फैंस एक्साइटेड हो गए थे और अंदाजा लगा रहे थे कि एटली और अल्लू जरूर कुछ बड़ा करने वाले हैं।

अब दीपिका की एंट्री ने दर्शकों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ा दी है। फैंस कमेंट सेक्शन में दीपिका के एक्शन की खूब तारीफ कर रहे हैं वहीं एटली के प्रोजेक्ट को अभी हिट बता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, क्वीन इज बैक। एक ने कमेंट किया, एटली जरूर कुछ बड़ा लाने वाले हैं। एक यूजर ने लिखा, एटली, अल्लू अर्जुन, दीपिका पादुकोण, वाह क्या टीम है। एक ने कमेंट किया, बीजीएम कितना शानदार है, मैं तो अभी से एक्साइटेड हूं।

बता दें कुछ दिनों से दीपिका पादुकोण कुछ कॉन्ट्रोवर्सी की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं। एनिमल फेम डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी ने दीपिका का नाम लिए एक ट्वीट किया था जिसमें उन्होंने एक्ट्रेस पर उनकी फिल्म की कहानी लीक करने का आरोप लगाया था। हालांकि नेटिजन्स को समझते देर ना लगी कि ये दीपिका के लिए था। इसके बाद उनके कल्कि 2 से बाहर होने की खबरें भी आईं। लेकिन अब एटली के साथ कोलेबोरेशन से उनके फैंस बहुत खुश और एक्साइटेड हैं।



# महिला हेड कांस्टेबल के पुत्र ने अंडर 23 आयु वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

संवाददाता

हल्द्वानी। महिला हैड कांस्टेबल के पुत्र ने 6वीं नेशनल मुआयथाई चैपियनशिप 2025 में स्नेह चन्द ने गोल्ड मैडल जीतकर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया।

आज यहां यहां 9 जून से 14 जून 2025 तक हरियाणा में आयोजित 6वीं राष्ट्रीय मुएथाई चैंपियनशिप (6 वीं नेशनल मुआयथाई चैंपियनशिप 2025) में उत्तराखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तराखण्ड पुलिस में कार्यरत महिला हेड कांस्टेबल दीपा चन्द के सुपुत्र स्नेह चन्द ने अंडर-23 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित कर राज्य, विभाग और समस्त पुलिस परिवार को गौरवान्वित किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ रेंज रिद्धिम अग्रवाल एवं सम्पूर्ण उत्तराखण्ड पुलिस परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की जाती हैं। इस अवसर पर सीके बॉक्सिंग एकेडमी के कोच चन्दन जोशी भी उपस्थित रहे, जिनके मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण का इस सफलता में विशेष योगदान रहा। इस उपलब्धि को और अधिक सार्थक बनाते हुए आईजी कुमायूँ ने यह भी अवगत कराया कि पुलिस परिवार के अन्य बच्चों में यदि इस प्रकार की प्रतिभा निहित हो, तो उनके नाम विभाग को उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उन्हें संबंधित खेल अकादमियों से समन्वय स्थापित कर बेहतर प्रशिक्षण दिलाया जा सके। यह पहल भविष्य के चैंपियनों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। स्नेह चन्द की यह उपलब्धि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है और यह दर्शाती है कि समर्पण, अनुशासन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नही।

# स्मैक के साथ युवती गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ युवती को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने कुंजा ग्रांट के पास एक युवती को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 5.92 ग्राम स्मैक व 8500 रूपये नगद बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम नाजमीन उर्फ मुन्नी पुत्री मुख्तियार निवासी कुंजा प कुल्हाल बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मंडूकासन से पेट की बीमारी होती है खत्म

संवाददाता

देहरादून। तीन दिवसीय योग शिविर में योगाचार्य अरूण कुमार ने बताया कि मंडूकासन से पेट की बीमारी खत्म होती है।

आज यहां तीन दिवसीय योग शिविर में द्वितीय दिन योगा चार्य अरुण कुमार ने बताया कि मंडूकासन से पेट की बीमार जल्द खत्म होती है। सूर्य नमस्कार करने से मिलते हैं संस्कार। मनमोहन शर्मा प्रवक्ता ऋषि कल्प आश्रम चंद्रमणि ने जानकारी दी। मनमोहन शर्मा ने बताया कि आज प्रातः साढे पांच बजे योग शिविर का शुभारंभ योगाचार्य/आयुर्वेदाचार्य आचार्य अरुण कुमार, पंडित मनमोहन शर्मा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऋषि कल्प आश्रम के संस्थापक आचार्य अरुण कुमार द्वारा त्रिदिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन ईश्वर उपासना सूर्य नमस्कार और मंडूकासन से लाभ मिलते हैं। उसके बाद प्राणायाम सिखाए गए व बताया गया कि योग हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। योग के द्वारा मनुष्य अपने शरीर को स्वस्थ रख सकता है उत्तम स्वास्थ्य पा सकता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को हर रोज कम से कम 45 मिनट योग करना चाहिए। योग करने से हम उदर रोग, हृदय रोग व अन्य व्याधियों से मुक्ति पा सकते है। शांति पाठ के साथ विश्राम मुख्य रूप से पंडित मनमोहन शर्मा, चिन्मय घाणेकर, सोनू कुमार, राम सिंह, कमलजीत शर्मा, पीयूष गॉड, ओमवीर सिंह राघव, सुखबीर बुटोला, मदन सिंह, मोतीराम चौहान, अशोक, नवीन झा, जिज्ञासा भंडारी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने लौटाये 20 लाख रुपये से अधिक के गुमशुदा मोबाइल फोन

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 150 से अधिक खोए और गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 20 लाख रूपये से अधिक है। इन फोनों को उनके असली मालिकों को लौटा दिया गया है, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और राहत लौट आई है।



एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सभी थाना प्रभारियों को गुमशुदा मोबाइल फोन की तलाश और बरामदगी के लिए विशेष और स्पष्ट निर्देश दिए थे। इन निर्देशों का पालन करते हुए, उधमसिंहनगर के सभी थानों ने एक व्यापक और समन्वित अभियान चलाया। इस अभियान में, पुलिस टीमों ने आईएमईआई नंबरों का कुशलतापूर्वक उपयोग करते हुए सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल की मदद से विभिन्न कंपनियों के 150 से अधिक हैंडसेट सफलतापूर्वक बरामद किए, जो जिले के अलग-अलग स्थानों से गुम हुए थे। सीईआईआर पोर्टल ने खोए हुए मोबाइलों को ट्रैक करने और उन्हें निष्क्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे उनकी बरामदगी आसान हो गई।

## ❑सीईआईआर पोर्टल ने निभाई अहम भूमिका

इस सफल अभियान के समापन पर, एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने एक संवेदनशील पहल करते हुए पुलिस कार्यालय रुद्रपुर में कुछ मोबाइल स्वामियों को व्यक्तिगत रूप से बुलाकर उनके खोए हुए फोन सौंपे। अपने बहुमूल्य उपकरण वापस पाकर, सभी मोबाइल स्वामी अत्यधिक खुश और भावुक नजर आए। उन्होंने एसएसपी और उधमसिंह नगर पुलिस के अथक प्रयासों और संवेदनशीलता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिससे उनकी खोई हुई संपत्ति वापस मिल सकी।

# ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार दो की मौत

देहरादून (सं)। ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालावाला निवासी रितिक जोशी अपने मित्र रानीखेत अल्मोडा निवासी वैभव के साथ अपनी स्कूटी से क्लेमनटाउन से घर की तरफ आ रहा था जब वह टर्नर रोड पर पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रक ने उनको टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक वैभव के मामा रघुवर दत्त तिवाडी की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# रेडक्रास सोसायटी के कोषाध्यक्ष ने बचायी एक व्यक्ति की जान

संवाददाता



देहरादून। रैड क्रास सोसायटी के कोषाध्यक्ष मोहन खत्री ने सडक पर बेहोश पडे व्यक्ति को अस्पताल पहुचाकर उसकी जान बचायी। आज जब उत्तराखंड रैड क्रास सोसायटी उत्तराखंड के कोषाध्यक्ष मोहन खत्री परेड ग्राउंड दून क्लब के बाहर एक व्यक्ति गिरा हुआ था उसको देख कर वह रुक गये। वहां पर काफी भीड़ इकट्ठी थी ओर उस व्यक्ति से खून निकल रहा वहां पर दीपक रावत भी उपस्थित था। वहां से उन्होंने 108 को फोन करके बुलाया। वहां पर पंकज मलासी और अनूप सिंह नेगी नामक सिपाही भी पहुंच गये और घायल व्यक्ति को कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। उक्त व्यक्ति की आईडी से पता लगा कि उसका नाम अनिल कुमार है और यूपी का रहने वाला है।

# बंद मकान में हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। बंद मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से चुरायी गयी नगदी व लाखो के जेवरात बरामद किये गये है। गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म के बदमाश है जिन पर पूर्व में भी चोरी, लूट सहित अन्य मामलों में मुकदमें दर्ज है।



जानकारी के अनुसार बीते रोज एकजोत सिंह कोचर, निवासी सिंगरा कॉलोनी विकासनगर, जनपद देहरादून ने थाना विकासनगर पर तहरीर देकर बताया गया कि अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि के समय उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखी ज्वैलरी, 35000/-रुपये नगद व 1 मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरो की तलाश में जुटी टीमों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद एक सूचना के आधार पर एक नम्बर पुल व डाकपत्थर चौक के बीच से घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके कब्जे से चुरायी गयी ज्वैलरी, 33 हजार की नगदी व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपियों के नाम शुभम त्यागी पुत्र शिव कुमार त्यागी निवासी शिक्षक कालोनी रसूलपुर विकासनगर व संदीप पुत्र किशन लाल निवासी हास्पिटल रोड पुर्विया लाइन विकासनगर बताया जा रहा है। जिनके खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, लूट, नकबजनी व अन्य आपराधिक घटनाओ के कई मुकदमे दर्ज है।

## ❑लाखों के जेवरात व नगदी बरामद

# फैक्ट्री में हुआ हादसा, एक की मौत 23 घायल



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। बाजपुर क्षेत्रांतगत मशरूम फैक्ट्री में एक बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री की रेट टूट कर गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई जबकि 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया है।


जानकारी के अनुसार केलाखेड़ा तहसील के ग्राम भउआ नगला स्थित मशरूम फैक्ट्री में बीती देर शाम लगभग 7 बजे मशरूम फैक्ट्री में लगे रैक टूटकर गिर पड़े। इस घटना में 23 मजदूरों के फंसे होने की सूचना मिलते ही जिला आपदा कंट्रोल रूम सक्रिय हुआ और तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में स्थानीय प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व फायर विभाग की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय नागरिकों के सहयोग से फंसे हुए मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला।


इस अभियान में प्रशासन की तत्परता के चलते कई लोगों की जान बचाई जा सकी। घटना में 14 मजदूर घायल हुए, जिनमें से 7 की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद उनके घर भेज दिया गया। जबकि एक मजदूर की मृत्यु की पुष्टि हुई है।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया स्वयं जिला अस्पताल पहुँचे, जहाँ उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और परिजनों को ढांढस बंधाया। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. के. सिन्हा को स्पष्ट निर्देश दिए कि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी को यह निर्देशित किया गया कि पीड़ित परिवारों के लिए रहने और भोजन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है, तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मृतक मजदूर के परिजनों से भदौरिया ने व्यक्तिगत रूप से भेंट कर शोक संवेदना प्रकट की और आश्वासन दिया कि प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

इस दौरान उपजिलाधिकारी डॉ अमृता शर्मा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आर के सिन्हा सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक मौजूद थे।

# दो कारों की टक्कर में एक की मौत





संवाददाता

देहरादून। दो कारों की टक्कर में एक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सपेरा बस्ती अजबपुर निवासी सचिन अपनी एवेन्यू कार से सेलाकुई की तरफ जा रहा था जब वह धूलकोट के जंगल में पहुंचा तो उसकी कार सामने से आ रही होण्डा सिटी कार से टकरा गया। दोनों कारों की टक्कर से वहां पर अफरा तफरी मच गयी और दोनों तरफ जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रेमनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलाकर कारों में फंसे लोगों को बाहर निकालकर उनको ग्राफिक ऐरा अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने एवेन्यू कार चालक सचिन पुत्र ज्ञानचंद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भूस्खलन की चपेट में आकर एक की मौत



हमारे संवाददाता

टनकपुर। भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी सूचना मिलने पर राहत व बचाव टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को मलबे से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 8 बजे पूर्णागिरि सड़क पर बाटनागाड़ के समीप अत्यधिक वर्षा के कारण एकाएक भू-स्खलन की घटना घटित हुई। इस हादसे में चन्द्रपाल सिंह पुत्र हरप्रसाद,निवासी खच्चर पड़ाव, टनकपुर की मलबे की चपेट में आने से दुःखद मृत्यु हो गई।

सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव टीम ने मौके पर पहुँचकर शव को मलबे से बाहर निकालकर संयुक्त चिकित्सालय, टनकपुर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया। प्रशासन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है तथा मृतक के परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे वर्षा एवं भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में अनावश्यक आवाजाही से बचें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरन्त प्रशासन को सूचित करें।

# एसटीएफ ने आत्महत्या करने जा रहे व्यक्ति को बचाया

सवांददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के निवासियों को साइबर अपराधियों द्वारा जनता से ठगी करने वालो पर सख्त कार्यवाही एवं सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए पुलिस महानिदेशक द्वारा एसटीएफ व साइबर पुलिस को प्रभावी कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिह स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखण्ड और उनकी टीम द्वारा साइबर अपराध के अतिरिक्त सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। जिस क्रम में राज्य में कोई भी आत्महत्या की शिकायत या प्रयास किये जाने सम्बन्धी सूचना मेटा कम्पनी (फेसबुक,इन्सटाग्राम,व्हाट्सएप) तुरन्त यूएसए से कॉल के माध्यम से एवं मेल के माध्यम एसटीएफ /साइबर(नोडल) को प्राप्त होती है। इसी क्रम में मेटा कम्पनी (फेसबुक,इन्सटाग्राम,व्हाट्सएप) तुरन्त यूएसए से कॉल के माध्यम से एवं मेल के जरिये सूचना प्राप्त हुई, कि एक व्यक्ति (काल्पनिक नाम राजेश) द्वारा आत्महत्या करने के सम्बंध मे एक पोस्ट की गयी हैं। उक्त सम्बंध मे थाना साईबर क्राईम देहरादून मे दिवसाधिकारी डयूटी मे नियुक्त अपर उपनिरीक्षक मुकेश चन्द व थाना कार्यालय मे नियुक्त आरक्षी नितिन रमोला द्वारा त्वरित कार्यवाही करने हेतु मेटा कम्पनी के द्वारा उपलब्ध कराये गये अकाउंट की जानकारी प्राप्त की गयी व घटना थाना कोतवाली नगर जनपद हरिद्वार से सम्बन्धित होने के कारण तत्काल हरिद्वार नगर कन्ट्रोल रूम व जनपद के थाना कोतवाली नगर एवं उच्चाधिकारियों से सम्पर्क कर सूचना प्रेषित की गयी। प्रेषित सूचना के क्रम मे थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा प्रेषित सूचना/लोकेशन के आधार पर जनपद हरिद्वार पुलिस टीम शीघ्र मौके पर पहुचकर त्वरित कार्यवाही करते हुये आत्महत्या का प्रयास किये जाने वाले (काल्पनिक नाम राजेश) व्यक्ति को आत्महत्या करने से बचाया गया एवं उक्त व्यक्ति से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया की उसकी पारिवारिक समस्या होने के कारण वह काफी परेशान था, जिस कारण उसने परेशान होकर इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने से पहले एक पोस्ट शेयर की गयी थी। शेयर पोस्ट के क्रम में जनपद हरिद्वार की पुलिस द्वारा समस्या का समाधान करते हुये भविष्य मे इस प्रकार का कृत्य न करने व जीवन मे किसी भी प्रकार की कोई समस्या आने पर तत्काल पुलिस से सम्पर्क करने हेतु हिदायत दी गयी व आत्महत्या का प्रयास किये जाने वाले (काल्पनिक नाम राजेश) व्यक्ति को उसके परिवार से सम्पर्क कर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

# किसानों और कमजोर वर्ग के लोगों को दे प्राथमिकताः डीएम

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। जनपद में किसानों और कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज जिला कार्यालय सभागार में बैंकर्स जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलआरसी) की बैठक लेते हुए दिये।

जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद का ऋण-जमानुपात बढ़ाया जाये और सभी बैंकर्स किसानों कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को विशेष प्राथमिकता के आधार पर सकारात्मक सोच के साथ ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि आगामी बैठकों में बैंको के शीर्ष अधिकारी ऋण आवेदन पत्रों की सम्पूर्ण जानकारियों सहित स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में कोई भी एटीएम खराब हो तो उसे कांवड़ यात्रा से पहले सही करा लिया जाये, कोई भी एटीएम खराब होने की सूचना मिलती है तो सम्बन्धित बैंकर्स के खिलाफ नियमानुसार सख्ती से कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने राष्ट्रीय स्तर से कम ऋण जमानुपात वाले बैंकर्स पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि आकांक्षी जनपद की संभावनाओं के अनुरूप स्वरोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को ऋण उपलब्ध कराते हुए अगली बैठक तक ऋण जमा अनुपात 40 प्रतिशत से ऊपर करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वार्षिक ऋण जमा योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि साइट पर सही व सटीक डाटा उपलोड हो और उसमें कोई भी गड़बड़ी न हो व सभी बैंकर्स सतर्क रहें।

जिलाधिकारी ने लीज के तालाब पर मत्स्य पालन कर रहे व्यक्तियों को कुछ बैंकर्स द्वारा ऋण उपलब्ध न कराने पर सख्त नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बैंकर्स को हिदायत देते हुए कहा कि सभी बैंकर्स ऋण मुहैया कराने में आरबीआई की गाइड लाइन का अनुपालन करना सुनिश्चित करें, कोई भी बैंकर जनपद में अपने नियम कानून न बनाये। उन्होंने सभी बैंकर्स को स्पष्ट निर्देश दिये कि तालाब लीज पर लेकर मत्स्य पालन कर रहे व्यक्तियों को भी प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराया जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, परियोजना निर्देशक केएन तिवारी, रिजर्व बैंक एलडीओ धीरज अरोड़ा, एलडीएम संजय संत, नाबार्ड डीडीएम अखिलेश डबराल, मत्स्य अधिकारी गरिमा मिश्रा, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भण्डारी सहित सम्बन्धित बैंकर्स व अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, *एडवोकेट*
बैजनाथ, *एडवोकेट*

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*